गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ०ग०)

(A Central University Established by the Central University Act. 2009 No. 25 of 2009)
Tel: 07752-260000, 260003, Fax: 07752-260154
Website: www.ggu.ac.in

क्रमांकः 167 / परीक्षा / 2016 बिलासपुर , दिनांक 15-4-2016

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त अध्ययन शाला,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः— द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं से वचन पत्र रूपये 10.00 (रूपये दस मात्र) के स्टाम्प पेपर में नोटरी के माध्यम से प्रस्तुत करने विषयक।

सन्दर्भः—1. वि.वि. पत्र क्रमांक 162/परीक्षा/2016 बिलासपुर, दिनांक 13/04/2016
2 ईमेल दिनांक 13/04/2016 एवं 15/04/2016 (समस्त विभागाध्यक्ष प्रौ0 संस्थान)
3 ईमेल दिनांक 15/04/2016 (विभागाध्यक्ष समस्त शैक्षणिक विभाग)

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन शाला में संचालित पाठ्यक्रमों की सत्र 2015–16 की प्रथम सेमेस्टर सी.बी.सी.एस. प्रणाली के परीक्षा परिणाम अद्यतन घोषित नही हो सके है, उन छात्रों से वचन पत्र लेकर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाती है। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि **द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को रूपये 10.00 (रूपये दस मात्र) के स्टाम्प पेपर में नोटरी के माध्यम से वचन पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश देने का कष्ट करे। छात्र/ छात्राओं को परीक्षा आवेदन पत्र के साथ वचन पत्र संलग्न करना आवश्यक है। बिना वचन पत्र के छात्र/छात्रा का परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षा विभाग को अग्रेषित नही किया जावे।**

संलग्न वचन पत्र का प्रारूप ।

Ranadive

परीक्षा नियंत्रक (कार्यवाहक)

क्रमांकः 168/ परीक्षा / 2016 बिलासपुर, दिनांक 15-4-2016

प्रतिलिपि :—

01. कुलपति, एवं कुलसचिव जी के निज सचिव/निज सहायक को कुलपति, एवं कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
02. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ ।
03. वित्ताधिकारी, उप–कुलसचिव, भंडार, अनुभाग अधिकारी, गोपनीय, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ ।
04. जनसम्पर्क अधिकारी, गु.घा.वि.वि.,ब्रिलासपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. विभागाध्यक्ष सी०एस०आई०टी० विभाग को वेबसाइट में Upload करने हेतु प्रेषित।

15.4.016

उप–कुलसचिव (परीक्षा)

वचन पत्र

मैं . . . . .पिता . . . .
कक्षा . . . . प्रथम सेमेस्टर, अनुकमांक . . . . नामांकन कमांक . . . . सत्र 2015–16 में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के अन्तर्गत . . . . विभाग का नियमित छात्र हूं।

1. यह कि आज दिनांक . . . . . . तक मेरा प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है।
2. यह कि द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2015 –16 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि घोषित हो चुकी है, परीक्षा परिणाम घोषित न होने के कारण परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भर सका हूं।
3. यह कि मुझे द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2015–16 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर परीक्षा में अस्थायी रूप से सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जावे।
4. यह कि मुझे ज्ञात है कि मेरा प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है यदि द्वितीय सेमेस्टर मुख्य सत्र 2015–16 के परीक्षा में सम्मिलित होने के पश्चात् मेरा प्रथम सेमेस्टर मुख्य/एटीकेटी का परीक्षा परिणाम घोषित होता है और यदि मैं प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता हूं, तो मेरे द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2015–16 का परीक्षा आवेदन पत्र/परीक्षा परिणाम को निरस्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा, एवं विश्वविद्यालय नियमानुसार जो भी निर्णय लेगा, वह मुझे मान्य होगा, एवं मैं इसके विरूद्ध कोई भी वाद प्रस्तुत नहीं करूंगा।

छात्र का हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं . . . . यह तसदीक करता हूं कि उक्त वचन पत्र में लिखी बातें मेरे निजी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं, जिसे आज दिनांक . . . . . . को पढ़कर/समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

हस्ताक्षर	नाम
गवाह नं0 1..............	....
गवाह नं0 2...............	....

छात्र का हस्ताक्षर